QB365-Question Bank Software

Series JSR

SET-2

कोड नं.
Code No. **3/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# संकलित परीक्षा – II
# SUMMATIVE ASSESSMENT - II
# हिन्दी
# HINDI
## ( पाठ्यक्रम अ )
## (Course A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 90*
*Maximum Marks : 90*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र के* ***चार*** *खंड हैं –* ***क, ख, ग*** *और* ***घ***।

*(ii)* *चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*



QB365-Question Bank Software

## खंड-'क'

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **1x5=5**

किसी भी जीव के शरीर और मानस के सबसे ऊपर मस्तिष्क है। इस मस्तिष्क का स्वभाव कैसे तय होता है? बुद्धि में होने वाले विचार से। इसका मतलब यह है कि किसी भी व्यक्ति के वंशानुगत स्वभाव को उसकी बुद्धि, उसका विवेक बदल सकता है। इसका मतलब यह है कि हमारे बर्ताव, हमारे कर्म पर हमारा वश है, चाहे दुनिया भर पर न भी हो। हम अपने स्वभाव को बदल सकते हैं, अपनी बुद्धि में बारीक बदलाव लाकर। इसके लिए हमें मस्तिष्क की रूप-रेखा पर एक नज़र दौड़ानी होगी।

हमारे मस्तिष्क के दो विभिन्न अंश है : चेतन और अवचेतन। दोनों ही अलग-अलग प्रयोजनों के लिए ज़िम्मेदार हैं और दोनों के सीखने के तरीके भी अलग-अलग हैं। मस्तिष्क का चेतन भाग हमें विशिष्ट बनाता है, वही हमारी विशिष्टता है। इसकी वजह से एक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से अलग होता है। हमारा कुछ अलग-सा स्वभाव, हमारी कुछ अनोखी सृजनात्मक शक्ति – ये सब मस्तिष्क के इसी हिस्से से संचालित होती हैं, तय होती हैं। हर व्यक्ति की चेतन रचनात्मकता ही उसकी मनोकामना, उसकी इच्छा और महत्वाकांक्षा तय करती है।

इसके विपरीत मस्तिष्क का अवचेतन हिस्सा एक ताकतवर प्रतिश्रुति यंत्र जैसा ही है। यह अब तक के रिकॉर्ड किए हुए अनुभव दोहराता रहता है। इसमें रचनात्मकता नहीं होती। यह उन स्वचलित क्रियाओं और उस सहज स्वभाव को नियंत्रित करता है, जो दुहरा-दुहरा कर, हमारी आदत का एक हिस्सा बन चुका है। यह ज़रूरी नहीं है कि अवचेतन दिमाग की आदतें और प्रतिक्रियाएँ हमारी मनोकामनाओं या हमारी पहचान पर आधारित हों। दिमाग का यह हिस्सा अपने जन्म के थोड़े पहले, माँ के पेट में ही सीखना शुरू कर देता है जैसे जीवन के 'चक्रव्यूह' में उतरने से पहले ही 'अभिमन्यु' पाठ सीखने लगा हो! यहाँ से लेकर सात साल की उमर तक वे सारे कर्म और आचरण हमारे दिमाग का यह अवचेतन हिस्सा सीख लेता है जो भावी जीवन के लिए मूल आधार हैं।

(क) कौन-सा कथन सही है ?

(i) वंशानुगत स्वभाव को अपने विवेक और बुद्धि से बदल सकते हैं

(ii) वंशानुगत स्वभाव को अपने विवेक और बुद्धि से नहीं बदल सकते हैं

(iii) व्यवहार और कर्म पर किसी का वश नहीं है

(iv) नियति ही सर्वोच्च है और होनी होकर रहती है

(ख) हम अपने स्वभाव को कैसे परिवर्तित कर सकते हैं ?

(i) चेतन मस्तिष्क को समझकर

(ii) अवचेतन मस्तिष्क को समझकर

(iii) बुद्धि में सूक्ष्म परिवर्तन लाकर

(iv) मस्तिष्क की रूप-रेखा पर नज़र दौड़ाकर

(ग) किसी व्यक्ति को दूसरे से भिन्न और विशिष्ट स्वभाव का बनाता है :

(i) चेतन मस्तिष्क

(ii) अवचेतन मस्तिष्क

(iii) हमारे कर्मों का फल

(iv) हँसमुख व्यवहार

(घ) अभिमन्यु की चर्चा से लेखक प्रतिपादित करना चाहता है कि –

(i) चेतन मस्तिष्क जन्म से पहले ही काम करना शुरू कर देता है

(ii) अवचेतन मस्तिष्क जन्म से पहले ही काम करना शुरू कर देता है

(iii) अवचेतन मस्तिष्क चक्रव्यूह जैसा होता है

(iv) हमारा आचरण हमारे भविष्य का निर्माता है

(ङ) सृजनात्मक और रचनात्मक कार्यों की जिम्मेदारी है –

(i) मानव स्वभाव की

(ii) चेतन मस्तिष्क की

(iii) अवचेतन मन की

(iv) वंशानुगत स्वभाव की

**2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1x5=5**

सवेरे हम अपनी मंज़िल काठमांडू की ओर बढ़े। पहाड़ी खेतों में मक्के और अरहर की फसलें लहरा रही थीं। छोटे-छोटे गाँव और परकोटे वाले घर बहुत सुंदर लग रहे थे। शाम होते-होते हम काठमांडू पहुँच गए। आज काठमांडू पर लिखते हुए अंगुलियाँ काँप रहीं हैं। वैसे ही जैसे पच्चीस अप्रैल को काठमांडू की धरती काँप उठी थी। न्यूज़ चैनल जब धरहरा स्तंभ को भरभराकर गिरते दिखा रहे थे, मेरा मन बैठा जा रहा था। क्या हुआ होगा धरहरा के इर्दगिर्द फेरी लगाकर सामान बेचने वालों का ? और उस बाँसुरी वादक का जिसके सुरों ने मन मोह लिया था। और वे पर्यटक जो धरहरा के सौंदर्य में बिंधे उसका सौंदर्य निहारते। सब कुछ जानते हुए भी मन यही कह रहा है कि सब ठीक हो।

रात को हम बाज़ार गए। बाज़ार इलेक्ट्रॉनिक सामानों से अटा पड़ा था और दुकानों की मालकिनें मुस्तैदी से सामान बेच रही थीं। हमारे हिमालयी क्षेत्रों की तरह यहाँ भी अर्थव्यवस्था का आधार औरतें हैं। क्योंकि पहाड़ों पर पर्याप्त जमीन नहीं होती और रोजगार के साधन भी बहुत नहीं होते, सो घर के पुरुष नीचे मैदानी इलाकों में कमाने जाते हैं और घर परिवार की सारी जिम्मेदारी महिलाएँ उठाती हैं। यहाँ गाँव की महिलाएँ खेती और शहर की महिलाएँ व्यवसाय सँभालती हैं। मैंने देखा वे बड़ी कुशलता से व्यावसायिक दाँव-पेंच अपना रही थीं।

हम पोखरा होते हुए लौट रहे थे। रास्ते भर हिमाच्छादित चोटियाँ आँख मिचौली खेलती रहीं। राह में अनेक छोटे-बड़े नगर-गाँव और कस्बे आते रहे। नेपाली औरतें घरों में काम करती नजर आ रही थीं। मक्का कटकर घर आ चुकी थी। उसके गुच्छे घर के बाहर खूँटियों के सहारे लटके नज़र आ रहे थे। अब हम काली नदी के साथ-साथ चल रहे थे।

QB365-Question Bank Software

(क) काठमांडू पर लिखने के लिए लेखक की अंगुलियाँ क्यों काँप रही थीं?

(i) नेपाल में आया भूकंप याद हो आया

(ii) आंतकवादी हमले की आशंका थी

(iii) लेखक के हाथ में चोट थी

(iv) धरहरा स्तंभ अब कभी नहीं देख पाएगा

(ख) लेखक दुखी और हताश क्यों था?

(i) धरहरा स्तंभ भूकंप में तहस-नहस हो गया था

(ii) न्यूज चैनल जब धरहरा स्तंभ दिखा रहे थे

(iii) लग रहा था जीवन क्षणभंगुर है

(iv) प्राकृतिक आपदा कहीं भी आ सकती है

(ग) फेरीवाले और बाँसुरी वादक के लिए लेखक क्यों दुखी है?

(i) भूकंप में वे नहीं बचे होंगे

(ii) उनका काम-धंधा ठप्प हो गया होगा

(iii) उनकी मुलाकात को कुछ समय ही हुआ था

(iv) उनसे अच्छी दोस्ती हो गई थी

(घ) नेपाल में अर्थव्यवस्था का आधार औरतें क्यों हैं?

(i) पुरुष रोज़गार के लिए बाहर जाकर काम करते हैं

(ii) महिलाएँ ज़्यादा जिम्मेदार होती हैं

(iii) महिलाएँ पुरुषों पर कम विश्वास करती है

(iv) महिलाएँ मोल-भाव अच्छी तरह करती हैं



QB365-Question Bank Software

(ङ) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक होगा –

(i) काठमांडू की यात्रा

(ii) पर्यटन और नेपाल

(iii) बाजार सँभालती नेपाली औरतें

(iv) भूकंप के बाद का शहर

**3. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तरवाले विकल्प चुनकर लिखिए :** **1x5=5**

एक बच्ची उधर
कत्थक में थिरक रही है, और
ढेर सारी बच्चियाँ
गोबर लीद ढूँढ़ते रहने के बाद
अँधेरे में दुबक रही हैं
लड़कियाँ नदी तालाब कुआँ
घासलेट माचिस फंदा
ढूँढ़ रही हैं।

और इसी वक़्त
एक लड़की चेहरे की कोमलता के बारे में
रेडियो से नुस्खा बता रही है
और असंख्य बच्चे
अँधेरे की तरफ़
दौड़ते जा रहे हैं।

QB365-Question Bank Software

उनकी स्मृतियों में फ़िलवक़्त
चीख़ और रुदन
और गिड़गिड़ाहट है
उनकी आंखों में
कल की छीना-झपटी और भागमभाग का
पैबंद इतिहास है
उनके भीतर शब्द रहित भय
और सिर्फ़ जख़्मी आज है
पर वे शायद अभी जानते नहीं
वे पृथ्वी के बाशिंदे हैं करोड़ों
और उनके पास आवाज़ों का महासागर है
जो छोटे से गुब्बारे की तरह
फोड़ सकता है किसी भी वक़्त
अंधेरे के सबसे बड़े समूह को!

(क) काव्यांश में उभरकर आया है :

(i) गाँव और शहर का अंतर

(ii) लड़के-लड़कियों में भेदभाव

(iii) गरीब और अमीर बच्चों का जीवन

(iv) अँधेरे और उजाले का प्रभाव



QB365-Question Bank Software

(ख) 'असंख्य बच्चे अँधेरे की तरफ दौड़ते जा रहे हैं' – यहाँ 'अँधेरा' से तात्पर्य है –

(i) विषमता और भेदभाव

(ii) गरीबी और अज्ञान

(iii) चीख और रुदन

(iv) छीना-झपटी और भागमभाग

(ग) आपके विचार से कविता में कौन-सी बच्ची देश का प्रतिनिधित्व कर रही है ?

(i) कत्थक पर थिरकती

(ii) अँधेरे में दुबकती

(iii) रेडियो से नुस्खा बताती

(iv) चेहरे की कोमलता सँभालती

(घ) करोड़ों वंचित देशवासी नहीं जानते कि –

(i) उनका इतिहास महान है

(ii) चीख और रुदन सदा नहीं रहेंगे

(iii) वे शोषण के गुब्बारे को फोड़ सकते हैं

(iv) वे व्यवस्था का विरोध कर सकते हैं

(ङ) ''उनके भीतर शब्द-रहित भय

और सिर्फ़ ज़ख्मी आज है'' – का आशय है :

(i) वे अपने शोषण के बारे में बताते हुए डरते हैं

(ii) वे आज घायल हैं

(iii) वे ज़ख्मों से डर जाते हैं

(iv) चुपचाप भीतर बैठे रहना उन्हें डराता है

4. **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर सही उत्तरवाले विकल्प चुनकर लिखिए :** **1x5=5**

क्या कुटिल व्यंग्य! दीनता वेदना से अधीर, आशा से जिनका नाम रात-दिन जपती है,
दिल्ली के वे देवता रोज कहते जाते, 'कुछ और धरो धीरज, किस्मत अब छपती है।'

किस्मतें रोज छप रहीं, मगर जलधार कहाँ? प्यासी हरियाली सूख रही है खेतों में,
निर्धन का धन पी रहे लोभ के प्रेत छिपे, पानी विलीन होता जाता है रेतों में।

हिल रहा देश कुत्सा के जिन आघातों से, वे नाद तुम्हें ही नहीं सुनाई पड़ते हैं?
निर्माणों के प्रहरियो! तुम्हें ही चोरों के काले चेहरे क्या नहीं दिखाई पड़ते हैं?

तो होश करो, दिल्ली के देवो, होश करो, सब दिन तो यह मोहिनी न चलनेवाली है,
होती जाती है गर्म दिशाओं की साँसें, मिट्टी फिर कोई आग उगलनेवाली है।

(क) गरीबों के प्रति कुटिल व्यंग्य क्या है?

(i) धीरज रखने का अनुरोध

(ii) भाग्य पलटने का आश्वासन

(iii) कुछ और काम करने का आग्रह

(iv) वेदना और अधीरता

(ख) ''दिल्ली के वे देवता'' - कौन हैं?

(i) सरकारी कर्मचारी

(ii) शक्तिशाली शासक

(iii) बड़े व्यापारी

(iv) प्रभावशाली लोग



QB365-Question Bank Software

(ग) कौन-सी पंक्ति परिवर्तन होने की चेतावनी दे रही है ?

(i) और धरो धीरज, किस्मत अब छपती है

(ii) पानी विलीन होता जाता है रेतों में

(iii) तो होश करो दिल्ली के देवो

(iv) मिट्टी फिर कोई आग उगलने वाली है

(घ) ''पानी विलीन होता जाता है रेतों में'' - कथन का आशय है :

(i) सिंचाई नहीं हो पाती

(ii) वर्षा पर्याप्त नहीं होती

(iii) गरीबों तक सुविधाएँ नहीं पहुँचती

(iv) रेत में खेती नहीं हो सकती

(ङ) निर्माण के प्रहरी अनदेखी करते हैं -

(i) वैभवशाली लोगों की

(ii) दिल्ली के देवों की

(iii) हरे-भरे खेतों की

(iv) चोरों और भ्रष्टाचारियों की

## खंड-'ख'

**5. निर्देशानुसार कीजिए -** **1x3=3**

(क) अंग्रेजी शासकों को उम्मीद थी कि दांडी यात्रा खुद ही कमजोर पड़कर खत्म हो जाएगी।

(वाक्य का भेद लिखिए)

(ख) गाँधीजी ने नमक कर को साफ़-साफ़ अन्याय की तरह देखा था।

(मिश्र वाक्य बनाइए)

(ग) भारत के सामने जो मुख्य समस्या है वह बढ़ती जनसंख्या है।

(सरल वाक्य में बदलिए)

QB365-Question Bank Software

**6. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तित कीजिए -** **1x4=4**

(क) तुलसीदास द्वारा 'रामचरितमानस' की रचना की गई। (कर्तृवाच्य में)

(ख) इतनी गर्मी में कैसे बैठा जाएगा। (कर्तृवाच्य में)

(ग) हम इतना भार नहीं सह सकते। (कर्मवाच्य में)

(घ) अब राष्ट्रपति नहीं आएँगे (भाववाच्य में)

**7. रेखांकित पदों का पद-परिचय दीजिए -** **1x4=4**

ज़िलाधिकारी की पहल पर ही इलाके के कुछ प्रमुख लोगों को बुलाया गया, जिसमें महाविद्यालय का प्रिंसिपल होने के नाते मैं भी शामिल था।

**8.** (क) काव्यांश में कौन-सा रस है? **1x4=4**

सोभित कर नवनीत लिए।

घुटुरुन चलत रेनु तनु मंडित मुख दधि-लेप किए।

चारु कपोल लोल लोचन, गोरोचन तिलक दिए।

(ख) श्रृंगार रस का एक उदाहरण लिखिए।

(ग) करुण रस के स्थायी भाव का नाम लिखिए।

(घ) घृणा किस रस का स्थायीभाव है?



QB365-Question Bank Software

## खंड-'ग'

**9. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **2+2+1=5**

वही पुराना बालाजी का मंदिर जहाँ बिस्मिल्ला खाँ को नौबतखाने रियाज़ के लिए जाना पड़ता है। मगर एक रास्ता है बालाजी मंदिर तक जाने का। यह रास्ता रसूलनबाई और बतूलनबाई के यहाँ से होकर जाता है। इस रास्ते से अमीरुद्दीन को जाना अच्छा लगता है। इस रास्ते न जाने कितने तरह के बोल-बनाव कभी ठुमरी, कभी टप्पे, कभी दादरा के मार्फत ड्योढ़ी तक पहुँचते रहते हैं। रसूलन और बतूलन जब गाती हैं तब अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है। अपने ढेरों साक्षात्कारों में बिस्मिल्ला खाँ साहब ने स्वीकार किया है कि उन्हें अपने जीवन के आरंभिक दिनों में संगीत के प्रति आसक्ति इन्हीं गायिका बहिनों को सुनकर मिली है।

(क) बिस्मिल्ला खाँ कौन थे? बालाजी मंदिर से उनका क्या संबंध है?

(ख) रसूलनबाई और बतूलनबाई के यहाँ से होकर बालाजी के मंदिर जाना बिस्मिल्ला खाँ को क्यों अच्छा लगता था?

(ग) 'रियाज़' से क्या तात्पर्य है?

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए –** **2x5=10**

(क) मन्नू भंडारी के पिता की कौन-कौन सी विशेषताएँ अनुकरणीय हैं?

(ख) परंपराएँ विकास के मार्ग में अवरोधक हों तो उन्हें तोड़ना ही चाहिए, कैसे? 'स्त्री-शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खंडन' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) 'प्राकृत केवल अपढ़ों की नहीं अपितु सुशिक्षितों की भी भाषा थी' – महावीर प्रसाद द्विवेदी ने यह क्यों कहा है?

(घ) 'संस्कृति' पाठ में लेखक के अनुसार सभ्यता क्या है?

(ङ) रात के तारों को देखकर न सो सकने वाले मनीषी को प्रथम पुरस्कर्ता क्यों कहा गया है? 'संस्कृति' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**11. निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **2+2+1=5**

यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया;
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया।
प्रभुता का शरण-बिंब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।
जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन –
छाया मत छूना
मन, होगा दुख दूना।

(क) 'मृगतृष्णा' से क्या अभिप्राय है, यहाँ मृगतृष्णा किसे कहा गया है?

(ख) 'हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है' – इस पंक्ति से कवि किस तथ्य से अवगत करवाना चाहता है?

(ग) 'छाया' से कवि का क्या तात्पर्य है?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।** **2x5=10**

(क) परशुराम की स्वभावगत विशेषताएँ क्या हैं? पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) 'साहस और शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर है' – इस कथन पर अपने विचार 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' पाठ के आलोक में लिखिए।

(ग) 'कन्यादान' कविता में वस्त्र और आभूषणों को शाब्दिक-भ्रम क्यों कहा गया है?

(घ) 'कन्यादान' कविता में माँ ने बेटी को ऐसा क्यों कहा कि लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना।

(ङ) संगतकार की आवाज में एक हिचक सी क्यों प्रतीत होती है?

13. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में प्रदूषण के कारण हिमपात में कमी पर चिंता व्यक्त की गई है। प्रदूषण के और कौन-कौन से दुष्परिणाम सामने आए हैं? हमें इसकी रोकथाम के लिए क्या करना चाहिए? **5**

**खंड-'घ'**

14. किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **250** शब्दों में निबंध लिखिए – **10**

(क) **खेल और हमारा स्वास्थ्य**

- स्वास्थ्य का महत्त्व
- स्वस्थ रहने के लिए खेल
- क्या किया जाए

(ख) **काल्ह करै सो आज कर**

- अर्थ स्पष्टीकरण
- समय का सदुपयोग क्यों
- सदुपयोग कैसे

(ग) **यदि मैं राज्य का मुख्यमंत्री होता**

- मेरी प्राथमिकताएँ
- शिक्षा में परिवर्तन
- विकास कार्य

15. अनजाने में हुई भूल के लिए क्षमा माँगते हुए पिताजी को पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

किसी बस-कंडक्टर की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए परिवहन विभाग के अध्यक्ष को पत्र लिखिए।

**16. निम्नलिखित गद्यांश का शीर्षक लिखकर एक तिहाई शब्दों में सार लिखिए –** **5**

प्रत्येक देश में नागरिकों की सुरक्षा तथा कानून का पालन करवाने के लिए पुलिस का गठन किया जाता है। ये निर्धारित नियमों के अनुसार सरकारी संस्था द्वारा होता है। चुने हुए व्यक्तियों को कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण के समय इन्हें शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए व्यायाम व पी.टी. करवाई जाती है तथा इन्हें इनके कर्तव्यों का बोध कराया जाता है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इन्हें पुलिस सेवा में नियुक्त किया जाता है। इनको समाज और जनता से जुड़े सभी काम करने होते हैं। इनका मुख्य कार्य होता है – ईमानदारी से नागरिकों के जान-माल तथा नगर की सुरक्षा करना तथा सर्वत्र शांति बनाए रखना। नगर में होने वाले उत्सवों, मेलों, सभाओं आदि के समय इनकी जिम्मेदारियाँ बढ़ जाती हैं। सांप्रदायिक दंगों के समय तो पुलिस को कई दिनों तक लगातार ड्यूटी देनी पड़ती है। कर्फ्यू के समय आवश्यक वस्तुओं को यथास्थान पहुँचाना भी इन्हीं की देख-रेख में होता है। इसके अतिरिक्त पुलिस के और भी कर्तव्य होते हैं; जैसे – बाढ़ के समय तथा कहीं अग्निकांड हो जाने पर बचाव कार्य करना। इससे इनके साहस, बहादुरी और ईमानदारी की परीक्षा होती है। बहादुरी का कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जाता है।

अंक-योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1, 3/2, 3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'क'** | |
| 1 | 1 | 2 | 1 | | |
| | (क) | (क) | (क) | (i) | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | (i) | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | (ii) | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | (i) | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | (i) | 1 |
| 2 | 2 | 1 | 2 | | |
| | (क) | (क) | (क) | (i) | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | (iii) | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | (i) | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | (ii) | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | (ii) | 1 |

QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1, 3/2, 3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 3 | 3 (क) | 3 (क) | 4 (क) | (iii) | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | (i) | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | (ii) | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | (iii) | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | (i) | 1 |
| 4 | 4 (क) | 4 (क) | 3 (क) | (ii) | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | (ii) | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | (iv) | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | (iii) | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | (iv) | 1 |



QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1, 3/2, 3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड – 'ख'** | |
| 5 | 5 | – | – | | |
| | (क) | – | – | मिश्र वाक्य | 1 |
| | (ख) | – | – | यह वही नहर है जिसे अनेक गुमनाम और अनपढ़ माने गए लोगों ने बनाया था। अथवा इस नहर को ऐसे अनेक लोगों ने बनाया जो गुमनाम और अनपढ़ माने गए। | 1 |
| | (ग) | – | – | उन्हें नमक कर एक सामान्य-सा मुद्दा लगता था। | 1 |
| | – | 5 | – | | |
| | – | (क) | – | मिश्र वाक्य | 1 |
| | – | (ख) | – | गांधीजी ने देखा था कि नमक कर साफ-साफ अन्याय है। | 1 |
| | – | (ग) | – | भारत के सामने मुख्य समस्या बढ़ती जनसंख्या है। | 1 |
| | – | – | 5 | | |
| | – | – | (क) | बढ़ती जनसंख्या पर अंकुश नहीं लगाने पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ेगा। | 1 |
| | – | – | (ख) | ऐसी अनेक संस्थाएँ कार्यरत हैं जो जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करती हैं। | |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1, 3/2, 3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | अथवा<br>ऐसी अनेक संस्थाएँ हैं जो जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए कार्यरत हैं। | 1 |
| | – | – | (ग) | वे अपने भाई साहब से मिलने आए हैं और मैं उन्हें जानता भी नहीं। | 1 |
| 6 | 6 | – | – | | |
| | (क) | – | – | दादाजी ने हम सबको पुस्तकें दीं। | 1 |
| | (ख) | – | – | वह चल नहीं सकता / पाता। | 1 |
| | (ग) | – | – | उससे तो उठा भी नहीं जाता / जा सकता। | 1 |
| | (घ) | – | – | उनके द्वारा उछलकर डोर पकड़ ली गई। | 1 |
| | | 6 | | | |
| | – | (क) | – | तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की। | 1 |
| | – | (ख) | – | इतनी गर्मी में कैसे बैठेंगे / बैठूँगा / बैठूँगी / बैठेगा। | 1 |
| | – | (ग) | – | हमसे इतना भार नहीं सहा जा सकता / जाता। | 1 |
| | – | (घ) | – | अब राष्ट्रपति से नहीं आया जाएगा। | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1, 3/2, 3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | – | 6 | | |
| | – | – | (क) | भाईसाहब ने मुझे पतंग दी। | 1 |
| | – | – | (ख) | आओ, कहीं चलते हैं / चलें। | 1 |
| | – | – | (ग) | मेरी मित्र से चला नहीं जाता / जा सकता। | 1 |
| | – | – | (घ) | मेरे द्वारा समय की पाबंदी पर निबंध लिखा गया। | 1 |
| 7 | 7 | – | – | कब्रिस्तान की – जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक<br>छोटे-मोटे – गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, 'तनाव' विशेष्य का विशेषण।<br>होते हैं – सकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य।<br>मुझे – पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग / स्त्रीलिंग, कर्ता कारक, 'शामिल होना पड़ा' क्रिया का कर्ता।<br>(व्याकरणिक कोटि (भेद सहित) तथा अन्य में से किसी एक बिंदु का उल्लेख अपेक्षित) | ½ +½ =1<br>½ +½ =1<br>½ +½ =1<br>½ +½ =1 |
| | – | 7 | – | जिलाधिकारी की – जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, संबंध कारक<br>प्रमुख – गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, 'लोग' विशेष्य का विशेषण | ½ +½ =1<br>½ +½ =1 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1, 3/2, 3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | बुलाया गया – सकर्मक क्रिया, भूतकाल, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मवाच्य। | ½ +½ =1 |
| | | | | मैं – पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक, 'शामिल था' क्रिया का कर्ता | ½ +½ =1 |
| | | | | (व्याकरणिक कोटि (भेद सहित) तथा अन्य में से किसी एक बिंदु का उल्लेख अपेक्षित) | |
| | – | – | 7 | वृद्ध – गुणवाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, 'डॉक्टर' विशेष्य का विशेषण | ½ +½ =1 |
| | | | | मैंने – पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग / स्त्रीलिंग, कर्ता कारक, 'रखा' क्रिया का कर्ता | ½ +½ =1 |
| | | | | इस तरह – रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'रखा' क्रिया का क्रियाविशेषण | ½ +½ =1 |
| | | | | हो – सकर्मक क्रिया, कर्तृवाच्य, भूतकाल, एकवचन। | ½ +½ =1 |
| | | | | (व्याकरणिक कोटि (भेद सहित) तथा अन्य में से किसी एक बिंदु का उल्लेख अपेक्षित) | |
| 8 | 8 | 8 | 8 | | |
| | (क) | – | – | रौद्र रस | 1 |
| | (ख) | – | – | उपयुक्त उदाहरण पर पूरे अंक दिए जाएँ। | 1 |
| | (ग) | – | – | रति | 1 |
| | (घ) | – | – | वीर रस | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1, 3/2, 3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | 8 | – | | |
| | – | (क) | – | वत्सल रस ('वात्सल्य' लिखने पर भी पूरे अंक दिए जाएँ) | 1 |
| | – | (ख) | – | उपयुक्त उदाहरण पर पूरे अंक दिए जाएँ। | 1 |
| | – | (ग) | – | शोक | 1 |
| | – | (घ) | – | वीभत्स | 1 |
| | – | – | 8 | | |
| | – | – | (क) | वत्सल रस ('वात्सल्य' लिखने पर भी पूरे अंक दिए जाएँ) | 1 |
| | – | – | (ख) | उपयुक्त उदाहरण पर पूरे अंक दिए जाएँ। | 1 |
| | – | – | (ग) | उत्साह | 1 |
| | – | – | (घ) | भयानक | 1 |
| | | | | **खंड 'ग'** | |
| 9 | 9 | 9 | 9 | | |
| | (क) | (क) | (क) | • बिस्मिल्ला खाँ विश्व प्रसिद्ध शहनाई वादक थे।<br>• बालाजी मंदिर वे प्रतिदिन रियाज़ के लिए जाते थे। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • रसूलन और बतूलन बाई का गाना सुनकर खाँ साहब को खुशी मिलती थी।<br>• उन्हें वहाँ कभी ठुमरी, कभी टप्पे, कभी दादरा अलग–अलग प्रकार के बोल–बनाव सुनने को मिलते थे। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • शहनाई वादन का अभ्यास। | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1, 3/2, 3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 10 | 10 | 10 | 10 | | |
| | (क) | (क) | (क) | आधुनिक विचारधारा, समाज-सेवा, देश के लिए कार्य करना, संवेदनशीलता, शिक्षा और प्रतिभा विकास के अवसर देना।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • समाज और देश के हित में साहसपूर्वक विरोध प्रदर्शित करके<br>• चर्चापरक बातचीत द्वारा प्रचार-प्रसार करके | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • प्राकृत उस समय आम बोलचाल की भाषा थी।<br>• बौद्ध व जैन ग्रंथों की रचना प्राकृत में ही हुई।<br>• भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों ने उपदेश भी प्राकृत में ही दिए।<br>• विद्वानों ने गाथा सप्तशती, कुमारपालचरित, सेतुबंध महाकाव्य जैसे ग्रंथों की रचना प्राकृत में ही की।<br>• जिस प्रकार आज हिंदी, बांग्ला, मराठी आदि सुशिक्षितों की भाषा है, उसी प्रकार उस समय प्राकृत थी।<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | • सभ्यता संस्कृति का परिणाम है।<br>• व्यक्ति विशेष द्वारा योग्यता अथवा प्रवृत्ति से जिस नए तथ्य या वस्तु की खोज / आविष्कार हुआ, वह सभ्यता है। | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | ऐसे मनीषी ने ही पेट भरा और तन ढका होने पर भी सहज प्रवृत्ति से जन कल्याण हेतु ज्ञान की खोज की। | 2 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1, 3/2, 3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 11 | 11 (क) | 11 (क) | 11 (क) | • मृगतृष्णा से अभिप्राय है रेत की चमक में पानी जैसा भ्रम, मिथ्या प्रतीति, छलावा आदि।<br>• यहाँ मृगतृष्णा जीवन में यश, मान, वैभव आदि की प्राप्ति की इच्छा और प्रयास को कहा गया है। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • सुख-दुख जीवन की स्वाभाविक और क्रम से आने-जाने वाली स्थिति है।<br>• हर चाँदनी रात अर्थात सुख के बाद अँधेरी काली रात अर्थात दुख आता है। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | अतीत की सुखद स्मृतियाँ। | 1 |
| 12 | 12 (क) | 12 (क) | 12 (क) | वीर, क्रोधी, बाल-ब्रह्मचारी, अहंकारी, क्षत्रिय कुल के विरोधी, कठोर वाणी।<br>(किन्हीं दो का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | साहस के साथ विनम्रता का होना आवश्यक है –<br>• विनम्रता के अभाव में साहस और शक्ति अनियंत्रित और विनाशकारी बन जाती हैं।<br>• जैसे लक्ष्मण और परशुराम में विनम्रता का अभाव था तो उन्हें सभा में विरोध का सामना करना पड़ा। | |

अंक-योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1, 3/2, 3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • जबकि राम में साहस शक्ति के साथ विनम्रता भी थी। सभा ने उनका सम्मान किया।<br>(छात्रों के तर्कपूर्ण विचार स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| 12 | (ग) | (ग) | (ग) | ये भ्रामक शब्द हैं, जिनसे स्त्री को सुख का भ्रम होता है। वस्तुत: समाज वस्त्र और आभूषण की बेड़ियों में जकड़कर स्त्री के अस्तित्व को सीमाओं में बाँध देता है। | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | • समाज में लड़की के संवेदनशीलता, भावुकता, प्रेम आदि स्वाभाविक गुणों को कमज़ोरी मानकर उसका शोषण किया जाता है।<br>• बेटी को जीवन का अनुभव नहीं है अत: अनुभवी माँ उसे भावी परिस्थितियों के प्रति सचेत कर दृढ़ता से उनका सामना करने की प्रेरणा देती है। | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | संगतकार निस्वार्थ रूप से स्वयं को पृष्ठभूमि में रखकर मुख्य गायक की सफलता में योगदान देता है। उसे अपने योगदान का श्रेय लेने की कोई इच्छा नहीं होती।<br>इसी कारण स्वयं को पीछे रखने की कोशिश में उसकी आवाज़ में हिचक-सी प्रतीत होती है। | 1+1=2 |
| 13 | 13 | 13 | 13 | छात्रों के मतानुसार तर्कपूर्ण उत्तर स्वीकार्य। | 5 |

QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1, 3/2, 3/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'घ'** | |
| 14 | 14 | 14 | 14 | निबंध लेखन | |
| | | | | • प्रारंभ और समापन | 1+1=2 |
| | | | | • विषय-वस्तु (चार बिंदु अपेक्षित) | 6 |
| | | | | • प्रस्तुति और भाषा | 1+1=2 |
| | | | | | 10 |
| 15 | 15 | 15 | 15 | पत्र-लेखन | |
| | | | | • प्रारूप / औपचारिकताएँ | 1 |
| | | | | • विषय-सामग्री | 3 |
| | | | | • भाषा | 1 |
| | | | | | 5 |
| 16 | 16 | 16 | 16 | सार-लेखन | |
| | | | | • शीर्षक | 1 |
| | | | | • उपयुक्त सार (लगभग एक तिहाई शब्दों में) | 4 |
| | | | | | 5 |



QB365-Question Bank Software